Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding non-supply of electricity in the villages in Jaunpur, Uttar Pradesh.

**श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर):** माननीय सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया ।

महोदया, मैं अपने जिले जौनपुर में बजाज कंपनी द्वारा बिजली की सप्लाई आपूर्ति किए जा रहे सौभाग्य योजना के दुर्भाग्य के बारे में आपके समक्ष एक-दो बातें रखना चाहता हूं ।

इस योजना के तहत 60 हजार एनर्जी मीटर्स लगाए गए हैं, जिनमें से 40 हजार मीटर्स तो बिलकुल ही चार्ज नहीं किए गए हैं । कागजों में बहुत गांवों को संपूर्ण दिखाया गया है, जबकि हकीकत में वहां पर कोई भी कार्य नहीं हुआ है, इससे जनता में बहुत आक्रोश है । जौनपुर के लगभग 760 गांव ऐसे हैं, जिनमें खंभे लगा दिए गए हैं ।…(व्यवधान) आप टोका-टाकी मत कीजिए । मैं जो बयान दे रहा हूं वह सही है ।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्याम सिंह जी, आप सिर्फ प्वाइंटेड बात कीजिए ।

**श्री श्याम सिंह यादव :** महोदया, इसमें कुछ भी गलत नहीं है ।

**माननीय सभापति :** गलत सही की कोई बात नहीं है । आप सिर्फ प्वाइंटेड बात कीजिए । आपके पास एक मिनट का समय है । केंद्र सरकार से जो डिमांड करनी है, वह कहिए ।

**श्री श्याम सिंह यादव :** महोदया, हम यहां प्रदेश की बात कर रहे हैं ।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप यहां प्रदेश की बात नहीं कर सकते हैं । आप केंद्र सरकार से जो चाहते हैं, वह बताइए ।

**श्री श्याम सिंह यादव :** महोदया, जब हम गांव का दौरा करते हैं, तब जो दलित हैं, गरीब हैं और जो पिछड़े हैं, जिनकी बस्तियां हैं, जहां पोल लगाया गया है लेकिन वहां तार भी नहीं हैं । मीटर भी नहीं है, उनको भी बिजली विभाग गलत बिल भेज देता है और हजारों रुपया वसूल करता है । मैं कहना चाहता हूं कि लोगों को परेशान किया जा रहा है । इस समस्या का हल होना चाहिए ।

मेरा दूसरा बिंदु है कि दिन में अठारह घंटे बिजली सप्लाई होती है ।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** दूसरी बात नहीं रख सकते हैं । आप बैठ जाएं ।

श्री विनोद कुमार सोनकर जी ।